राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
माध्यमिक पाठ्यक्रम: हिंदी
पाठ 16 : अपना पराया
कार्यपत्रक -16

1. संक्रमण किस-किस प्रकार होता है? आज के संदर्भ में नवीनतम उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिये।
2. अपने जीवन की वह घटना याद कीजिए जब आपको या आपके किसी निकट संबंधी को बहुत बड़ा फोड़ा हुआ। आप के परिवार ने फोड़े का घरेलू उपचार कैसे किया? वर्णन कीजिये।
3. हमारे स्वास्थ्य का हमारी साफ-सफाई की आदत से सीधा संबंध है" सिद्ध कीजिए।
4. आपका परिचित दिवाकर एड्स रोग से ग्रस्त है। आप इस रोग से लड़ने में किस प्रकार सहायता करेंगे? साथ ही, एड्स के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए और लिखिए।
5. कल्पना कीजिए कि आप लोहे के चाकू से फल काट रहे हैं। आपकी उंगली कट जाती है। आप इस स्थिति में क्या-क्या कदम उठाएंगे? और क्यों? स्पष्ट करते हुए लिखिए।
6. आपके पड़ोसी के परिवार में एक शिशु का जन्म हुआ है। आप शिशु को अवश्य लगाए जाने वाले टीकों के बारे में क्या जानकारी देना चाहेंगे? उनकी सुविधा के लिए एक टीकाकरण चार्ट भी तैयार कीजिए।
7. भारत में प्रचलित सामान्य, कम घातक, अत्यंत घातक रोगों, उनके कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों की एक तालिका तैयार कीजिए।
8. आप संयुक्त परिवार में रहते हैं। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए अपने परिवार के लिए एक नियम तालिका बनाइये।
9. यदि आप हमेशा पूर्णरूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं तो इसके लिए आप किस प्रकार अपनी देखभाल करेंगे। बिंदुवार लिखिए।
10. आपके परिवार में किस-किस सदस्य को किन वस्तुओं से एलर्जी है? सूची बनाइए।